राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

ब्लॉक–5, डॉ.एस. राधाकृष्णन शिक्षा संकुल,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर।

rajssashaladarshan@gmail.com फोन–0141–2711964

क्रमांक : रास्कूशिप/जय/शाला दर्शन/2018–19 /372 दिनांक : 18.10.2018

अति आवश्यक

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी,
एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक,
समग्र शिक्षा अभियान,
समस्त जिले।

विषय – शाला दर्शन पोर्टल पर "विद्यालय इंफ्रास्ट्रक्टर एवं सिविल कार्य सम्बन्धी प्रपत्र" में प्रविष्टि के संबंध में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि शाला दर्शन पोर्टल पर प्रारम्भिक शिक्षा के **प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के विद्यालयों के लिए " विद्यालय इंफ्रास्ट्रक्टर एवं सिविल कार्य सम्बन्धी प्रपत्र" को शाला दर्शन पोर्टल पर पीईईओ/सीबीईओ लॉगिन पर शुरू किया गया है। उक्त प्रपत्र में विद्यालय इंफ्रास्ट्रक्चर से संबंधित निम्नलिखित समस्त स्टेप की पूर्ती कर लॉक किया जाना है।**

A. विद्यालय परिसर, भवन व उपलब्ध भूमि की सूचना

B. विद्यालय परिसरों में ब्लॉक व मंजिल का विवरण

C. विद्यालय परिसर में रंगाई/पुताई, रैंप की स्थिति

D. विद्यालय परिसर में चारदीवारी की स्थिति

E. खेल मैदान की सूचना

F. उपलब्ध कक्षा कक्षों का विवरण

G. कक्षा कक्षों हेतु फर्नीचर की उपलब्धता

H. शौचालय सुविधा

I. पेयजल सुविधा

J. विद्युत सुविधा

K. विद्यालय मध्यान्ह भोजन सुविधा की जानकारी

L. विद्यालय कम्प्यूटर, विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक उपकरण विवरण

M. इन्टरनेट सुविधा विवरण

N. विद्यालय में अन्य भौतिक संसाधनों की उपलब्धता

O. पुस्तकालय सम्बंधित सुविधाएँ

P. विद्यालय में विभिन्न संसाधनो की स्वीकृति व प्रगति का विवरण

www.rajteachers.com

"विद्यालय इंफ्रास्ट्रक्टर एवं सिविल कार्य सम्बन्धी प्रपत्र" शाला दर्शन पोर्टल होम पेज से डाउनलोड/प्रिंट कर सभी सूचनाओं की प्रविष्टि प्रपत्र में संबंधित प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालय के संस्था प्रधान द्वारा की जाकर, सत्यापित कर संबंधित पीईईओं/सीबीईओ कार्यालय से ऑनलाइन करवाया जाना है।

शहरी क्षेत्र के विद्यालयों में सीबीईओ (BEEO08XXXXX) तथा ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में पीईईओ लॉगिन से **"विद्यालय इंफ्रास्ट्रक्टर एवं सिविल कार्य सम्बन्धी प्रपत्र"** में प्रविष्टि दिनांक 15.11.2018 तक करवाया जाना सुनिश्चित करावें।

संलग्न– **विद्यालय इंफ्रास्ट्रक्टर एवं सिविल कार्य सम्बन्धी प्रपत्र**

(सुरेश चन्द्र)
अति. राज्य परियोजना निदेशक

क्रमांकः–रास्कूशिप/जय./शा.दर्शन/2018–19/372

दिनांक : 18.10.2018

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
2. निजी सचिव, आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
3. निजी सहायक, राज्य परि. निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
4. सहा.निदेशक, शालादर्शन प्रकोष्ठ, बीकानेर को देकर लेख है की निदेशालय शाला दर्शन टीम द्वारा उक्त मॉड्यूल्स में प्रविष्टि की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करावें।
5. सीबीईईओ, समस्त कार्यालय को देकर लेख कि अधीनस्थ समस्त प्रा.शि. के विद्यालयों की शाला दर्शन पोर्टल पर उक्त मॉड्यूल्स में प्रविष्टी की प्रभावी मॉनिटरिंग कर निर्धारित समयावधि में ऑनलाइन करवाया जाना सुनिश्चित करावें।
6. प्रधानाचार्य एवं पदेन पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी, समस्त ग्राम पंचायत को देकर लेख कि शाला दर्शन पोर्टल पर आपके अधीनस्थ प्रा.वि./उ.प्रा.वि की उक्त मॉड्यूल्स में प्रविष्टी किया जाना सुनिश्चित करें।
7. रक्षित पत्रावली।

18/10/18

(दीपक कुमार मूंड)
उपनिदेशक

www.rajteachers.com